मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2217

05.08.2024 को उत्तर के लिए

हरित भारत मिशन

2217. श्रीमती हेमामालिनी:

क्या ***पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हरित भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी के माध्यम से वनों के क्षरण वाले क्षेत्रों में वनरोपण गतिविधियां शुरू करना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों को कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है तथा उक्त मिशन के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री:
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) और (ख): राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत प्रारूपित आठ मिशनों में से एक मिशन है। इसका उद्देश्य संयुक्त वन प्रबंधन समितियों (जेएफएमसी) के माध्यम से वन और वनेतर क्षेत्रों में पर्यावरण-बहाली की गतिविधियों को शुरू करके भारत के वनावरण की रक्षा, इसकी पुनर्स्थापना और वृद्धि करना और जलवायु परिवर्तन की समस्या का समाधान करना है। जीआईएम के तहत आने वाली गतिविधियां वित्त वर्ष 2015-16 में शुरू की गई थीं। अब तक 155130 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण/पारिस्थितिकी-बहाली के लिए सत्रह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश को 909.82 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

(ग) पिछले पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान राज्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई/जारी की गई धनराशि और प्राप्त उपलब्धियों का विवरण अनुबंध-। में दिया गया है।

****

अनुबंध-I

"हरित भारत मिशन" के संबंध में श्रीमती हेमामालिनी द्वारा दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2217 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) के दौरान जीआईएम के तहत राज्यवार/संघ राज्य-क्षेत्रवार उपलब्ध कराई गई/जारी की गई धनराशि और उपलब्धियां

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**प्रदान की गई/जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपये में)**	**उपलब्धियां (हेक्टेयर में)**		
			अग्रिम कार्य	**निर्माण कार्य**	**रखरखाव**
1.	आंध्र प्रदेश	2.02	899	899	11
2.	अरुणाचल प्रदेश	34.71	8492	0	0
3.	छत्तीसगढ़	12.91	2270	0	19128
4.	हरियाणा	17.15	1301	1301	0
5.	हिमाचल प्रदेश	17.09	1186	0	0
6.	जम्मू और कश्मीर	32.22	1066	1066	0
7.	कर्नाटक	14.27	1362	1362	1357
8.	केरल	16.32	3282	3282	4159
9.	मध्य प्रदेश	75.49	23357	16043	10193
10.	महाराष्ट्र	0.00	0	0	0
11.	मणिपुर	35.19	5634	5634	8798
12.	मिजोरम	107.96	1000	0	21544
13.	उड़ीसा	79.00	11526	11526	5537
14.	पंजाब	14.62	3550	3550	0
15.	सिक्किम	27.16	5058	5058	30
16.	उत्तराखण्ड	122.22	7383	7353	0
17.	पश्चिम बंगाल	10.95	2606	2606	0
18.	उत्तर प्रदेश	5.43	0	0	0
	कुल	624.71	79972	59680	70757

*****